उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 31.03.2022

यूजेवीएन लि0 हेतु चतुर्थ नियन्त्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बहुवर्षीय टैरिफ याचिका एवं व्यापार योजना पर पारित टैरिफ आदेश के मुख्य बिन्दु

- यूजेवीएन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 के वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (Annual Performance Review), व्यापार योजना पर अनुमोदन एवं चतुर्थ नियन्त्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु बहुवर्षीय टैरिफ याचिका पर निर्धारण के साथ 09 वृहद विद्युत गृहों (ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, छिबरो, खोदरी, रामगंगा, खटीमा, चिला, मनेरी भाली–I) तथा मनेरी भाली–II हेतु वित्तीय वर्ष 2020–21 के सहीकरण (truing up) याचिका_पर निर्धारण के लिए दिनांक 30 नवम्बर, 2021 को आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई।

- **इस टैरिफ आदेश में आयोग द्वारा अभिलेखों के संवीक्षोपरान्त निम्न अनुमोदन किये गयेः–**
  - **a) वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–II का सहीकरण (truing up)।**
  - **b) व्यापार योजना याचिका पर अनुमोदन।**
  - **c) चतुर्थ नियन्त्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु बहुवर्षीय टैरिफ याचिका पर निर्धारण।**

- यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में वास्तविक रूप से एकत्रित किये गये राजस्व के सापेक्ष रू0 44.73 करोड़ (एचपीएसईबी के अन्तर एवं वहन लागत को छोड़कर) का अन्तर (Gap) दावे के तौर पर आंकलित किया गया है। जिसके विरूद्ध आयोग द्वारा रू0 62.97 करोड़ (वहन लागत सहित) का अधिशेष (Surplus) यूपीसीएल को वापस किये जाने हेतु अनुमोदित किया गया है। यह धनराशि यूपीसीएल (UPCL) को 12 समान मासिक किश्तों के आधार पर माह अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक वापस किया जाना होगा।

- वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु यूजेवीएन लि0 द्वारा क्लेम किये गये वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) एवं आयोग द्वारा गत वर्ष की तुलना में मय वृद्धि सहित अनुमोदित किये गये विवरण का उल्लेख निम्न् सारिणी में दर्शित हैः–

तालिकाः वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) (रू0 करोड़ में)

उत्पादन गृह	वित्तीय वर्ष 2021–22	वित्तीय वर्ष 2022–23	
	आदेश दिनांक 26.04.2021 में अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित
09 बड़े विद्युत गृहों	**469.56**	**592.98**	**495.07**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि		26.28%	5.43%
मनेरी भाली–II	**209.55**	**240.85**	**214.29**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि		14.94%	2.26%
कुल	**679.11**	**833.83**	**709.36**
गत वर्षों की तुलना में कुल वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि		22.78%	4.46%

***